आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 15.03.2024 समय 18.30

- भारत निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में 12 स्थानों पर पैनोरमा स्मारक, संग्राहलय निर्माण और विकास कार्यों की घोषणा की।
- जयपुर में आज एक साथ तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन–जयपुर मेट्रो फेज–1 डी के विस्तार का भी शिलान्यास।
- राज्य के ज्यादातर हिस्सों में दिन और रात के तापमान में बढोतरी।

000

भारत निर्वाचन आयोग आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कल तारीखों की घोषणा करेगा। इसके लिए कल दोपहर में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोग की ओर से प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की जायेगी। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में सम्पन्न हुए थे। भारतीय जनता पार्टी अब तक लोकसभा चुनाव के लिए 267 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 82 उम्मीदवारों के नाम घोषित किये हैं। वाम दल, तृणमूल कॉग्रेस, आम आदमी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने भी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। गौरतलब है कि नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों – ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने आज कार्यभार संभाल लिया है।

000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इस समय शीर्ष पर है। इसके और अधिक बढने का अनुमान है। उन्होंने विभिन्न सेक्टरों में सुधार का लाभ जमीनी स्तर तक पंहुचाने के लिए केन्द्र, राज्यों और स्थानीय निकायों के बीच अधिक समन्वय पर जोर दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने से लोग अपने अधिकारों के प्रति स्वाभाविक रूप से सजग होंगे। उन्होंने कहा की सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ड्रोन प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न आधुनिक तकनीकों में कौशल प्रशिक्षण का लक्ष्य हासिल कर रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं से घरेलू बचत और उपभोगता व्यय बढाने का प्रयास कर रही है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में 12 स्थानों पर पैनोरमा, स्मारक, संग्राहलय निर्माण और विकास कार्यों की घोषणा की है। श्री शर्मा ने बताया कि करौली जिले के महावीर जी में महावीर जी पैनोरमा, अजमेर में जैन मुनि विद्यासागर जी महाराज पैनोरमा, डीडवाना–कुचामन के कालवा में भक्त शिरोमणि करमा बाई, बीकानेर के कतरियासर में जसनाथ जी, बालोतरा के बायतू में खेमा बाबा, चित्तौडगढ में भामाशाह, जोधपुर में राव चन्द्रसेन, भरतपुर में गोकुला जाट, जैसलमेर में जैसलमेर पैनोरमा का निर्माण राजस्थान धरोहर प्राधिकरण की ओर से करवाया जाएगा। साथ ही, जयपुर जिले में प्रदेश के वीर–वीरांगनाओं के योगदान के प्रदर्शन के लिए स्वांतंत्र्य वीर संग्रहालय और 1857 के पहले स्वतंत्रता आन्दोलन में गांवों के योगदान की स्मृति में **स्वातंत्र्य गांव** स्मारक का निर्माण भी कराया जाएगा।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान में नेशनल ई–विधान एप्लीकेशन लागू करने की वित्तीय मंजूरी प्रदान की है। नेशनल ई–विधान एप्लीकेशन में पूर्ण कम्प्यूटराईजेशन कार्य किया जाएगा। इस पर कुल व्यय 17 दशमलव पांच 2 करोड रुपए होगा। इसमें केन्द्र का 60 प्रतिशत और राज्य का 40 प्रतिशत अंशदान होगा। इस एप्लीकेशन

के जरिये विधानसभा की कार्यवाही का पूर्ण कम्प्यूटीकरण हो सकेगा। इसके अलावा, उप मुख्यमंत्री ने राज्य की 62 ग्राम सहकारी समितियों के लिये 100 मिट्रिक टन क्षमता के 62 गोदामों के निर्माण के लिये वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

000

...................

जयपुर में आज एक साथ तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। इनमें जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से बनाये गये झोटवाड़ा आरओबी और बी–2 बाइपास पर बने अंडरपास तथा जवाहर सर्किल के सौंदर्यीकरण का कार्य शामिल है। इन तीनों परियोजनाओं का उद्घाटन झोटवाड़ा आरओबी से उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और सांसद रामचरण बोहरा ने किया। झोटवाड़ा में आरओबी और बी–2 बाइपास अंडरपास शुरू होने से लोगों को ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार अपने सभी वादों को पूरा करने में जुटी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि एलिवेटेड रोड बनने से यातायात सुगम होगा। वहीं जयपुर मेट्रो के फेज–1 डी के विस्तार का शिलान्यास नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हुए कार्यक्रम में श्री खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार परिवहन सुविधाओं को आधुनिक और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह मेट्रो लाईन मानसेरावर से अजमेर रोड चौराहे तक जुडेगी।

000

राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर राज्य में पेट्रोल–डीजल पर वैट की दरें कम करने के फैसले पर उनका आभार जताया। एसोसिएशन के सदस्यों ने पेट्रोल और डीजल पर वैट कम करने और **"एक राज्य, एक कीमत"** लागू करने को बहुप्रतीक्षित और ऐतिहासिक कदम बताया।

इधर, भाजपा सांसदों ने भी आज विभिन्न स्थानों पर प्रेस वार्ता कर इस फैसले सहित राज्य मंत्रिमंडल की ओर से कल किये गये निर्णयों को ऐतिहासिक बताया। जयपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की और से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करने से महंगाई कम होना शुरू हो जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादा किया वो निभाया है। दूसरी ओर, कांग्रेस ने राज्य सरकार की ओर से कल पेट्रोल और डीजल के दामों में वैट की दरों में की गयी कमी को नाकाफी बताया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी हरियाणा, उत्तरप्रदेश और गुजरात के मुकाबले राजस्थान में पेट्रोल और डीजल महंगे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में डीजल और पेट्रोल के दाम पड़ोसी राज्यों के बराबर करने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने जनता को राहत नहीं दी।

000

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रदेश में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। दौसा में आज हिंदुस्तान गाइड के स्वयंसेवको की ओर से एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को दौसा कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की।

000

राज्य के ज्यादातर हिस्सों में अब दिन और रात का तापमान बढने लगा है। दिन में सर्दी का असर पूरी तरह खत्म हो गया है। प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से उपर दर्ज किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर तापमान 33 डिग्री से भी उपर पहुंच गया है। वहीं रात का तापमान भी 15 डिग्री से उपर मापा जा रहा है। बीती रात हनुमानगढ के संगरिया में सबसे कम दस दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

वहीं फलौदी में पारा 20 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार अगले चार पांच दिन में प्रदेश में तापमान में लगातार बढातरी की संभावना है।

000

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर प्रदेश में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी देने के लिए भरतपुर में आयुर्वेद विभाग की ओर से निशुल्क अंतरंग आयुर्वेद क्षार सूत्र शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट पर देशवासियों को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को एक जागरूक उपभोक्ता बनने और दूसरों को भी जागरुक करने का संकल्प लेना चाहिये। वही इस अवसर पर झुन्झुनू में जिला उपभोक्ता संरक्षण मंच के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई, जिसमें स्काउट गाईड्स ने आमजन को उपभोक्ताओं के अधिकारों को लेकर जागरूक किया।

000

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर ने जमीन, हवा और पानी में कार्य करने वाले हाइब्रिड ड्रोन का प्रोटोटाइप बनाया है। यह हाइब्रिड ड्रोन जमीन और पानी दोनों पर चल सकता है। खास तौर पर यह समुद्र और नदियों में तेल के रिसाव को रोकने का काम करेगा और पानी के नीचे कटाव तथा प्रदूषण के फैलाव की रोकथाम में मददगार साबित होगा।

..................

000

झालावाड ज़िले में पीएम श्री योजना के तहत दूसरे चरण में चार विद्यालयों का चयन हुआ है। इन विद्यालयों में पक्की इमारत, पेयजल, खेल मैदान के साथ, छात्राओं और दिव्यांगों के लिए विभिन्न सुविधाएं विकसित की जायेगी और आधुनिक प्रयोगशालाएं भी बनायी जायेंगी। ज़िला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जल्द ही इन पर कार्य शुरू किया जायेगा।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से सवाईमाधोपुर में खैरदा के आंगनबाड़ी केंद्र पर राष्ट्रीय पोषण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी, कविता और प्रतियोगिताओं के माध्यम से पोषण की जानकारी दी गई। इस मौके पर आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने भी पोषण पर अपने विचार रखें, वहीं प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

000